# Greenlawns School, Worli.

द्वितीय सत्रीय पुनरावलोकन (२०२५-२६)

कक्षा – पाँचवी | विषय- हिंदी | पूर्णांक - ८०

दिनांक - २६/०२/२०२६ | समय -२ घंटे

सूचना:- सभी प्रश्न अनिवार्य है।

शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित हैं।

विभाग 'अ' (अंक ४०)

भाषा – विभाग

प्रश्न. १) निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:- (१० )

i) व्यायाम और खेलकूद

ii) मेरा प्यारा मित्र

iii) स्वच्छता का महत्त्व

प्रश्न. २) निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए तथा अंत में उससे मिलनेवाली सीख व शीर्षक लिखिए:- (७)

रामू नाम का गरीब और ईमानदार लड़का ------- रास्ते में बटुआ मिलना ------- बटुए में पैसे और पहचान पत्र होना ------- लालच आना लेकिन सही निर्णय लेना ------- बटुआ मालिक को लौटाना------- मालिक की खुशी और इनाम ------- सीख।

प्रश्न. ३) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

सिया एक समझदार और जिज्ञासु लड़की थी। उसे नई-नई बातें जानना और किताबें पढ़ना बहुत पसंद था। वह हमेशा अपने काम समय पर करने की कोशिश करती थी। रोज़ शाम को वह अपनी दादी के साथ पार्क में टहलने जाती थी। दादी बहुत अनुभवी और ज्ञानी थीं। वे सिया को जीवन से जुड़ी छोटी-छोटी कहानियाँ सुनाती थीं और अच्छी सीख देती थीं।

एक दिन दादी ने सिया को समय का महत्त्व समझाया। उन्होंने कहा कि समय बहुत कीमती होता है और एक बार चला गया समय कभी वापस नहीं आता। जो व्यक्ति समय का सही उपयोग करता है, वही जीवन में सफल होता है। सिया ने दादी की बातें ध्यान से सुनीं और मन ही मन निश्चय किया कि वह समय को कभी व्यर्थ नहीं जाने देगी।

उस दिन से सिया समय पर उठने लगी, नियमित पढ़ाई करने लगी और खेल के लिए भी समय निकालने लगी। वह घर के कामों में अपनी माँ की मदद भी करने लगी। धीरे-धीरे उसके व्यवहार और स्वभाव में अच्छा बदलाव आने लगा। उसके शिक्षक और माता-पिता भी उससे बहुत खुश हुए और उसकी प्रशंसा करने लगे।

प्रश्न:-

i) सिया किस प्रकार की लड़की थी और उसे क्या पसंद था? (२)

ii) सिया रोज़ शाम को किसके साथ और कहाँ जाती थी? (२)

iii) दादी ने सिया को समय के बारे में क्या समझाया? (२)

iv) सिया के व्यवहार में कौन-से बदलाव आए? (२)

v) आपने इस गद्यांश से क्या सीखा? (२)

## व्याकरण विभाग

प्रश्न ४) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:-

i) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए- (२)

1) जंगल - 2) मित्र –

ii) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- (२)

1) सच x 2) जीत x

iii) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए- (२)

1) कविता लिखने वाला - 2) जो मूर्ति बनाता है –

iv) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए (कोई २) (3)

1) नाक में दम करना - 2) टोपी उछालना - 3) जी चुराना –

v) निम्नलिखित वाक्य में क्रिया शब्द छाँटकर उसका भेद लिखिए- (१)

1) मैं चित्र बनाता हूँ।

vi) निम्नलिखित वाक्य में विशेषण पद छाँटकर उसका भेद लिखिए – (१)

1) कुछ बच्चे खेल रहे हैं।

vii) उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये:- (२)

1) तुम बहुत _____________ हो, सारा खाना ख़त्म कर गए। (चालक/चालाक)

2) मेरे भाई के __________ तुम्हारे भाई से अधिक हैं। (अंक/अंग)

विभाग 'ब' (अंक ५०)

<u>साहित्य-विभाग</u>

प्रश्न ५-क] निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (९)

i) खालाजान को किसने ठग लिया और कैसे?

ii) पाप बुद्धि की चोरी और चतुराई किस प्रकार नज़र आती है?

iii) जावेद के बेटों को किस बात पर हैरानी हुई?

ख] निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए:- (४)

i) खाला का क्या नाम था?

ii) परदेश जाने का सुझाव किसका था?

iii) किस अध्यापिका को बच्चे पसंद करते थे?

iv) जावेद के छोटे बेटे का क्या नाम था?

ग) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:- (४)

i) "वही बुढ़िया जो हमें गाय के बदले ____________ बेच गई थी।"

ii) क्यों न हम दोनों परदेश जाकर ____________कमाएँ।

iii) बढ़ती आबादी के कारण ____________ कट रहे हैं।

iv) "इसे कहते हैं, नहले पर ____________ ।"

घ) किसने किससे कहा लिखिए:- (४)

i) "मियाँ! क्या तुम इस खरगोश को हमें बेच सकते हो?"

ii) "चलिए आज का पाठ शुरू करें ...।"

iii) "आओ मित्र! आज कैसे रास्ता भूल गए?"

iv) "मैंने जीवन में कभी चोरी नहीं की।"

ङ) उचित शब्दार्थ चुनकर लिखिए:- (४)

i) युक्ति -

a) तरकीभ b) तरखीब c) तरकीब d) तकरीब

ii) भाग्य -

a) नसीब b) नसिब c) नसीभ d) नसीबह

iii) प्रसन्नता –

a) खुशि b) खुषी c) कुशी d) खुशी

iv) पैग़ाम -

a) संदेस b) संदेश c) संदेष d) संधेष

## कविता – विभाग

प्रश्न ६-अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (६)

i) चित्रकार शेर से बचकर कैसे भागा?

ii) चित्रकार ने शेर से किसका अभ्यास करने को कहा और कब?

आ] एक वाक्य में उत्तर लिखिए:- (२)

i) चित्रकार कहाँ बैठकर चित्र बना रहा था?

ii) "तेरा मैं इंतज़ार करुँ" में 'तेरा' किसे कहा है?

इ] निम्नलिखित कविता की पक्तियों पूर्ण कीजिए:- (४)

चित्रकार ______________________________

______________________________________

______________________________________

______________________________________ कुछ जोश।

ई] उचित शब्दार्थ चुनकर लिखिए:- (३)

i) वर -

a) वरदान b) वरधान c) वरदाण d) वरधाण

ii) कायर -

a) धरपोक b) डरपोक c) ढरपोक d) डरपोख

iii) झुँझलाहट -

a) चिड b) चीड c) चिढ़ d) चीढ़

समाप्त